दिन– मंगलवार                                                                  दिनांक– 04 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।                                                     अवधिः– 15 मिनट

---

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण में छह नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए प्रचार का आज अंतिम दिन। अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में थम जायेगा प्रचार का शोर।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता आज अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेरा बूथ सबसे मज़बूत पहल के अंतर्गत आज प्रदेश की महिलाओं से संवाद करेंगे।

04. और, निर्वाचन आयोग बिहार के बाद आज नौ राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एस.आई.आर. अभियान का दूसरा चरण शुरू करेगा।

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिये प्रचार का आज अंतिम दिन है। आज शाम पांच बजे अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार का शोर थम जाएगा। इस चरण के लिए छह नवंबर को वोट डाले जाएंगे। एनडीए और महागठबंधन के साथ ही अन्य सभी दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता पूरे जोर–शोर से अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए चुनाव प्रचार करेंगे। और ब्योरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

विधानसभा चुनाव के पहले चरण के प्रचार के लिए आज अंतिम दिन विभिन्न दलों के स्टार प्रचारक पूरी ताकत से चुनाव प्रचार करेंगे और अपने प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए चुनावी सभा, रैलियां और रोड शो करेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आज भोजपुर और गया में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। पार्टी के स्टार प्रचारक और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह वैशाली, पटना, सहरसा और मुंगेर जिले में अलग–अलग कर जनसभाओं को संबोधित करेंगे। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दरभंगा, पूर्वी चंपारण और पश्चिमी चंपारण जिले में एनडीए के प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। महागठबंधन की ओर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, गया जी और औरंगाबाद में चुनाव प्रचार करेंगे। वहीं, महागठबंधन के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी प्रसाद यादव, समस्तीपुर, बेगूसराय, सहरसा, दरभंगा, मुजफ्फरपुर और वैशाली जिलों में अलग–अलग विधानसभा क्षेत्र में सत्रह चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव गया जी में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। धर्मेंद्र कुमार राय आकाशवाणी समाचार पटना।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेरा बूथ सबसे मज़बूत पहल के अंतर्गत वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आज प्रदेश की महिलाओं से संवाद करेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने संवाद के लिए उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि

बिहार विधानसभा चुनाव में एन.डी.ए. गठबंधन की जीत सुनिश्चित करने के लिए महिलाएं पूरी लगन से योगदान दे रही हैं। उन्होंने कहा कि इस अभियान में उनकी सक्रिय भागीदारी बिहार में लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मज़बूत कर रही है।

---

भाजपा की वरिष्ठ नेता और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता आज सिवान, बडहरिया और बैकुंठपुर विधानसभा क्षेत्रों में रैली, चुनावी सभाये और रोड शो करेंगी।

---

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ आज दरभंगा शहर में भाजपा प्रत्याशी संजय सरावगी के पक्ष में रोड शो करेंगे।

---

बहुजन समाज पार्टी, जनशक्ति जनता दल और जन सुराज समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के स्टार प्रचारक और नेता अपने उम्मीदवारों के समर्थन में लगातार चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे हैं।

---

विधानसभा चुनाव के पहले चरण को लेकर ईवीएम और वीवीपैट से मतदान के लिए चुनाव आयोग ने पूरी तैयारी कर ली है। इस चरण में मतदान में उपयोग में आने वाले हर बूथ की सभी ईवीएम मशीनों और वीवीपैट की कमिशनिंग कर दी गयी है। आयोग ने बताया कि सामान्य पर्यवेक्षक और प्रत्याशियों की उपस्थिति में सभी बूथ के बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट और वीवीपैट को सुरक्षित तरीके से तैयार किया गया है। बैलेट यूनिट में प्रत्याशियों के बैलेट पेपर लगा दिये गये हैं। वहीं, कंट्रोल यूनिट में सभी प्रत्याशियों के नाम सिम्बल और फोटो लोड कर दिये गये हैं। इन सभी मशीनों को सील कर दिया गया है।

---

पटना जिला में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिये जिला प्रशासन ने कई कदम उठाये हैं। प्रशासन ने कहा है कि छह नवम्बर को मतदान करने वाले मतदाताओं को फिल्म देखने के लिए सिनेमा टिकट के मूल्य पर पचास प्रतिशत की छूट दी जायेगी। पटना जिला प्रशासन और सिनेमा घर के मालिकों के बीच हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। इसके तहत छह और सात नवम्बर को पटना के सभी सिनेमा हॉल में मतदाता अपनी अंगूली पर लगी स्याही दिखाकर छूट का लाभ ले सकते हैं। इधर, चुनाव के दिन जिले में सभी सरकारी अस्पतालों में चौबीस घंटे चिकित्सकों की तैनाती

की गयी है। प्रमुख अस्पतालों, पीएमसीएच, आईजीआईएमएस, एनएमसीएच और एम्स को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

---

जदयू के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय मंत्री राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह तथा उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज किया गया है। इन दोनों पर मोकामा विधानसभा क्षेत्र में जदयू प्रत्याशी अनंत सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान सीमा से अधिक वाहनों का उपयोग करने का आरोप है। इधर, पटना के दानापुर विधानसभा क्षेत्र में भी प्रचार के दौरान तय मानक से अधिक वाहनों के प्रयोग के मामले में भाजपा प्रत्याशी रामकृपाल यादव के रोड शो कार्यक्रम में शामिल नौ वाहनों को जब्त कर लिया गया। इस संबंध में शाहपुर थाना में प्रथमिकी भी दर्ज की गयी है। वहीं, पटना पश्चिम, मनेर, पालीगंज और सिगोड़ी थाना क्षेत्र अन्तर्गत आचार संहिता उल्लंघन के विभिन्न मामलों में आठ वाहन, लाउडस्पीकर और एक जेनरेटर जब्त किया गया है।

---

अमौर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मंत्री अब्दुल जलील मस्तान के चुनावी शपथ पत्र में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। हमारे पूर्णियां संवाददाता ने बताया है कि शपथ पत्र में उम्र और शैक्षणिक योग्यता को लेकर कथित रूप से गलत जानकारी दी है।

---

पटना उच्च न्यायालय ने मोहनिया से राजद प्रत्याशी श्वेता सुमन और घोसी से राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार राकेश कुमार सिंह के नामांकन रद्द किये जाने के मामले में याचिका खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति ए. अभिषेक रेड्डी की एकल पीठ ने कहा कि याचिकाकर्ता चाहे तो चुनाव के बाद अर्जी दायर कर चुनाव आयोग के निर्णय को चुनौती दे सकते हैं।

---

अब चुनाव से जुडी अन्य खबरें.....

राजद ने दरभंगा के गौराबौराम विधानसभा क्षेत्र से महागठबंधन के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने के कारण पार्टी नेता फैजल अली खान को दल से निष्काषित कर दिया है। यह सीट वीआईपी के खाते में गई है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह नवंबर को अररिया जिले के फारबिसगंज हवाई अड्डा मैदान में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री की सभा को लेकर तैयारियां जारी है। अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष शाखा, ने  सभा स्थल के आस–पास नौ फ्लाइंग जोन बनाने के निर्देश दिये हैं।

---

अरवल जिले में आंगनवाड़ी सेविका–सहायिकाओं ने रंगोली के माध्यम से मतदान का संदेश दिया। विधानसभा क्षेत्र के बलिदाद स्थित आंगनवाड़ी केंद्र पर सेविकाओं ने मतदाताओं को आगामी ग्यारह नवम्बर को मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया।

---

सुपौल जिले के विभिन्न प्रखंडों में स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक मतदाता जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगो से ग्यारह नवंबर को मतदान की अपील की गई।

---

मुंगेर जिले में चौदह नवंबर को होने वाली मतगणना को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारी तेज़ कर दी है। जिलाधिकारी ने आरडी एंड डीजे कॉलेज स्थित वज्रगृह का निरीक्षण किया।

---

विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चल रही छापेमारी के तहत पश्चिम चपारण जिले के बेतिया में लौरिया थाना क्षेत्र के डुमरा देवराज गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनी गन फैक्ट्री का उ्दभेदन किया है। मौके से दो  लोगो को  कई हथियार और उपकरण के साथ गिरफ्तार किया है।

---

निर्वाचन आयोग बिहार के बाद आज विशेष गहन पुनरीक्षण–एस.आई.आर. अभियान का दूसरा चरण शुरू करेगा। इसमें लगभग इक्यावन करोड़ मतदाताओं वाले नौ राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेश शामिल होंगे। मतदाता सूचियों का व्यापक पुनरीक्षण सात फरवरी, दो हजार छब्बीस को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ समाप्त होगा। यह एस.आई.आर. का दूसरा चरण है, इससे पहले बिहार में इसे लागू किया गया था, जहाँ तीस सितंबर को लगभग सात करोड़ बयालीस लाख नामों वाली अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी। नए चरण में अंडमान और निकोबार द्वीप

समूह, लक्षद्वीप, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, मध्य प्रदेश, पुद्दुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल होंगे। इनमें तमिलनाडु, पुद्दुचेरी, केरल और पश्चिम बंगाल में दो हजार छब्बीस में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसी वर्ष असम में भी चुनाव होने हैं।

---

राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से विभिन्न प्रर्वतन एजेंसियों, गश्ती यूनिटों और निगरानी टीमों ने अब तक सौ करोड़ रूपये मूल्य से अधिक की जब्ती की है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी रिपोर्ट के अनुसार इनमें तैंतालीस करोड़ इकतीस लाख रुपये मूल्य की शराब और चौबीस करोड़ तिरेसठ लाख रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। मतददाताओं को लुभाने के लिए एकत्र की गई छब्बीस करोड़ बारह लाख रुपये मूल्य की अन्य वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। इसके अलावा नौ करोड़ पचासी लाख रुपये की नकदी भी बरामद की गई है।

---

केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी प्रोपेगेंडा अकाउंट्स द्वारा सोशल मीडिया पर प्रसारित कर्नल सोफिया कुरैशी से संबंधित डिजिटल वीडियो का खंडन किया है। वीडियो में कर्नल कुरैशी के त्रिशूल सैन्य अभ्यास को बिहार चुनावों को प्रभावित करने के लिए एक राजनीतिक हथकंडा बताने का झूठा दावा किया गया है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने कहा है कि यह वीडियो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से बनाया गया है और पूरी तरह से फर्जी है। पीआईबी ने पुष्टि की है कि कर्नल सोफिया कुरैशी ने ऐसा कोई बयान नहीं दिया है।

---

अररिया जिले के फरबिसगंज प्रखंड में परमान नदी पर बने पुल का एक पिलर धंस गया है। ग्रामीण कार्य विभाग के जिला कार्य प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता चन्द्रशेखर कुमार ने बताया कि पुल के धंसने की सूचना के बाद भारी वाहनों के आवागमन पर तत्काल रोक लगा दी गयी है। यह पुल फरबिसगंज को कुर्साकाटा से जोड़ता है। इधर, जिला प्रशासन ने मामले की जांच के साथ ही आवागामन बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के दिशा–निर्देश दिये हैं।

---

पटना के मोईनुलहक स्टेडियम में खेले जा रहे रणजी ट्रॉफी प्लेट ग्रुप मैच में मेघालय ने बिहार के खिलाफ अपनी पहली पारी में चार विकेट के नुकसान पर दो सौ पैंतीस रन बना लिये हैं। मेघालय की ओर से अजॉय दोहन ने शानदार बल्लेबाजी करते

हुये एक सौ उनतीस रन बनाये। वहीं, बिहार की ओर से अमोद यादव ने दो विकेट जबकि शुभम और हिमांशु सिंह ने एक–एक विकेट लिये।

---

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बी.सी.सी.आई. ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ और चयन समिति को इतिहास में पहली बार आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि के सम्मान में इक्यावन करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार की घोषणा की है।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने विधानसभा चुनाव प्रचार से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहरसा और कटिहार की चुनावी सभा में कहा– बिहार मेक इंन इंडिया का बड़ा केन्द्र बनेगा।

दैनिक जागरण लिखता है– आज थमेगा पहले चरण का प्रचार। सब ने झोंकी ताकत, अखबार ने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के हवाले से लिखा है– दिल्ली से कंट्रोल हो रही है बिहार सरकार।

दैनिक भास्कर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बयान को तरजीह देते हुये लिखा है– नये उद्योग लगायेगें। सतहत्तर हजार शिक्षकों की भर्ती जल्द।

प्रभात खबर का शीर्षक है– इपीएफओ पेंशनधारको को आईपीपीबी घर पर देगा डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. विधानसभा चुनाव के पहले चरण में छह नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए प्रचार का आज अंतिम दिन। अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में थम जायेगा प्रचार का शोर।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह, राजनाथ सिंह, जे.पी. नड्डा, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी, राजद के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव समेत अन्य दलों के स्टार प्रचारक और वरिष्ठ नेता आज अपने प्रत्याशियों की जीत के लिए चुनाव प्रचार करेंगे।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मेरा बूथ सबसे मज़बूत पहल के अंतर्गत आज प्रदेश की महिलाओं से संवाद करेंगे।

04. और, निर्वाचन आयोग बिहार के बाद आज नौ राज्य और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में एस.आई.आर. अभियान का दूसरा चरण शुरू करेगा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।